प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 16.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण रोजगार और अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 किया पेश।
- देवघर मे झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की हुई समीक्षा बैठक, सभापति सरयू राय ने समयबद्ध कार्यान्वयन के दिए निर्देश।
- झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर राजधानी रांची में अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी, रिम्स की अतिक्रमित भूमि और डीआईजी मैदान के पास बने बहु मंजिला भवनों को प्रशासन की निगरानी में किया जा रहा ध्वस्त।
- विजय दिवस पर आज राज्य समेत देशभर मे 1971 के भारत–पाक युद्ध के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि,सिमडेगा, गुमला में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को किया गया सम्मानित।
- बोकारो के चर्चित जयंत सिंह अपहरण और हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा, छह आरोपी गिरफ्तार, शव सहित कार और हत्या में प्रयुक्त हथियार किया बरामद।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा। एक रिपोर्ट–

****

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की समीक्षा बैठक देवघर में सभापति जमशेदपुर पूर्व विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर भी उपस्थित रहे। इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं के साथ सेवा का गारंटी अधिनियम 2011 और सूचना का अधिकार अधिनियम के अनुपालन की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्यान्वयन के निर्देश दिए गए। सभापति ने कार्यालय परिसरों में सेवा गारंटी से संबंधित सूचना पट्ट लगाने, आरटीआई के तहत समय पर सही सूचना देने और नगर निगम, स्वास्थ्य, परिवहन सहित अन्य विभागों की सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए।

****

झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर राजधानी रांची में अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है, जिसके तहत रिम्स की अतिक्रमित भूमि और डीआईजी मैदान के समीप बने बहु मंजिला भवनों को प्रशासन की निगरानी में जेसीबी से ध्वस्त किया जा रहा है। एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट सयानी तिग्गा ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

****

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत देवघर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बच्चा प्रसाद सिंह ने की। कार्यशाला में निजी क्लीनिक, नर्सिंग होम और अस्पतालों को आभा कार्ड, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री और हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री के प्रशिक्षण के बाद अपने संस्थानों में इसे अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।

****

सरायकेला–खरसावां ज़िले मे 29 दिसंबर को राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन और 1 जनवरी 2026 को खरसावां शहीद दिवस के मद्देनज़र जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने आदेश जारी कर एक जनवरी 2026 तक जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करते हुए मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

****

इधर झारखंड–छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित माझाटोली बैरियर बगीचा में 30 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण शुरू कर दिया है। पंखराज साहेब कार्तिक उरांव स्वायत्तशासी विश्वविद्यालय निर्माण समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने बताया कि जन सांस्कृतिक समागम में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति की सहमति मिल चुकी है।

****

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तामन पर भारत की विजय की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्य समेत देशभर में 1971 भारत–पाक युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सिमडेगा मे आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा और उपायुक्त कंचन सिंह ने सेना के शौर्य, बलिदान और देश की सुरक्षा में उसकी भूमिका को रेखांकित किया।

****

इधर गुमला जिले मे 1971 के भारत–पाक युद्ध में ऐतिहासिक विजय की स्मृति में पूर्व सैनिकों और समाजसेवियों ने भारत माता तथा शहीद सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

****

बोकारो पुलिस ने चर्चित जयंत सिंह अपहरण और हत्या कांड का करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव, घटना में प्रयुक्त कार और डंडा बरामद कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

****

स्पेशल स्टोरी–देवघर

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के बैद्यनाथधाम देवघर तक नई ग्रीन फील्ड सड़क बनाने का काम जल्द शुरू होगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

मकर संक्रांति मेला

एशिया का सबसे गर्म जल कुंड सूरज कुंड में 14 जनवरी से मकर संक्रांति के अवसर पर हजारीबाग में 15 दिवसीय मेला आयोजित होगा, जो राज्य के लिए राजस्व का प्रमुख स्रोत माना जाता है। मेले को लेकर आज हुई नीलामी प्रक्रिया में न्यूनतम बोली 26 लाख 86 हजार 860 रुपये से शुरू हुई और अधिकतम बोली 86 लाख 500 रुपये रही। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रेशमा डूंगडूंग ने बताया कि इस प्रक्रिया में कुल सात आवेदकों ने भाग लिया।

पैरा गेम्स तीरंदाजी

दुबई में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले खूंटी के दिव्यांग खिलाड़ी झोंगो पहान का शिल्दा गांव में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों और युवाओं ने तिरंगा लहराकर जुलूस निकाला और जिंदाबाद के नारों के साथ गांव की सड़कों पर उनका अभिनंदन किया।

*******समाप्त********